आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

लोकसभा वक्फ विधेयक पारित

लोकसभा ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। लोकसभा में 288 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 232 सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। लोकसभा में 12 घंटे से अधिक कल देर रात तक विधेयक पर चर्चा हुई। वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 का उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाना, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय कायम करना और संबंधित पक्षों के अधिकारों की रक्षा करना है। विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है और यह केवल वक्फ बोर्ड और संपत्तियों से संबंधित है।

सदन ने कल मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, 2024 को भी मंजूरी दे दी, जो मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को निरस्त करता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने वक्फ संशोधन विधेयक को पिछड़े और गरीब मुस्लमानों के भविष्य का वरदान करार दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड को भू–माफियाओं के चंगुल से मुक्त करवाकर गरीब मुस्लमानों के हित में ये बिल बेहद जरूरी है।

स्टार्टअप महाकुंभ–दूसरा संस्करण

स्टार्टअप महाकुंभ कार्यक्रम का दूसरा संस्करण आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होने जा रहा है। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस–जीईएम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश–विदेश के तीन हजार से अधिक स्टार्टअप, एक हजार से अधिक इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर और दस प्रमुख क्षेत्रों के उद्योगपति शामिल होंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश के 21 पुलों को स्वीकृति देने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है और इन पुलों के निर्माण कार्यों को डेढ़ महीने के भीतर शुरू करवाने की बात कही है। यह बात विक्रमादित्य सिंह ने सुंदरनगर में राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इन सभी पुलों की डीएनआईटी एक महीने के भीतर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए हैं और अगले डेढ़ महीने में सभी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

राज्य सहकारी बैंक

राज्य सहकारी बैंक ने बीते वित्त वर्ष में 307 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित कर खुद को एक बेहतर बैंक साबित किया है। बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में 6 जिलों में 2 सौ 62 शाखाओं के माध्यम से कॉपरेटिव बैंक ने अपने व्यवसाय में लगातार वृद्धि की है। बैंक ने महिलाओं के लिए चलाई गई सशक्त महिला ऋण योजना में भारी कामयाबी हासिल की है जिसमें अब तक 39 हजार 500 से अधिक महिला ग्राहकों को लगभग सौ करोड़ के ऋण प्रदान किए गए हैं। इसी प्रकार स्कूली छात्रों के लिए चलाई गई योजना ''सपनों का संचय'' भी कामयाब रही है और अब तक 10 हजार से अधिक बच्चों को इस योजना से जोड़ा गया है।

स्मार्ट सिटी

राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 750 करोड़ रुपये के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 22 प्रोजेक्ट ऐसे हैं जो अभी अधूरे हैं। मिशन अब समाप्त हो चुका है और दो बार के एक्सटेंशन के बावजूद सरकारी महकमे इन कामों को धरातल पर नहीं उतार पाए और शहर को पूरी तरह स्मार्ट बनाने का मिशन अधूरा रह गया है। शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान का कहना है कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहर में अनेकों काम किए गए हैं लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां निर्माण कार्यों में देरी और अधिक खर्च होता है इसलिए मिशन के तहत निर्धारित गाइडलाइंस में कई कार्य पूरे नही हो पाए हैं।